सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री प्रकाश मीना , नांगल राजावतान लालसोट, जिला दौसा–303505

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा
अपील सं0 23/2021

<u>निर्णय</u> दिनांक : 10.06.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा,जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉंछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅंगवाई गई।

कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु जन अनुशासन पखवाडा के कारण कार्यवाही लम्बित रहने के पश्चात आज पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक को वांछित सूचना प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2021/1206 दिनांक 03.05.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा के पत्रांक आरटीआई/2021/393 दिनांक 08.06.2021 द्वारा आवेदक को प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अवगत करवाया कि चाही गई सूचना अस्पष्ट है। जिससे सूचना दिया जाना संभव नही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना के संबंध मे अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा